संख्या-1285/63-व0उ0-2010-45(एच)/2000

प्रेषक,

सुरेन्द्र कुमार,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0,
कानपुर।

हथकरघा वस्त्रोद्योग अनुभाग — लखनऊ : दिनांक : 27 अगस्त, 2010

विषयः- उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0, कानपुर की गढ़ रोड, मेरठ स्थित निष्प्रयोज्य सम्पत्ति के विक्रय के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1755/नजारत/यू0पी0एच0एल0/कानपुर/2010-11 दिनांक 15.07.2010 का कृपया सन्दर्भ लें, जिसके द्वारा उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 की गढ़ रोड, मेरठ स्थित सम्पत्ति को निदेशक मण्डल की 141वीं बैठक दिनांक 20.05.2010 में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में विक्रय किये जाने की अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- सम्यक विचारोपरान्त प्रश्नगत प्रकरण में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 राज्य हथकरघा निगम लि0 की गढ़ रोड, मेरठ स्थित सम्पत्ति को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा डाली गयी अधिकतम निविदा रू0 10.00 करोड़ (रूपया दस करोड़ मात्र) के मूल्य में विक्रय करने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते हैं।

3- उक्त अनुमति इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि विक्रय विलेख तैयार किये जाने हेतु उप निबन्धक, मेरठ द्वारा मूल्यांकित धनराशि रू0 11,04,97,680.00 के बराबर स्टाम्प शुल्क लगाया जायेगा।

4- कृपया तद्नुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें तथा कृत कार्यवाही से शासन को भी अवगत करायें।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अ0 शा0 संख्या-ई-6/430/दस/2010 दिनांक 17.08.2010 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।

संख्या-1285(1)/63-व0उ0-2010,तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, सार्वजनिक उद्यम विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निदेशक, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, उ0प्र0 कानपुर।
3- वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-6
4- गार्ड पत्रावली।

आज्ञा से,

(सुरेन्द्र कुमार)
अनु सचिव।